जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

October 25, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

प्रोफेसर मज़हर आसिफ़ ने किया जामिया के 16वें कुलपति के रूप में कार्यभार ग्रहण, ब्रिगेडियर उस्मान और डॉ जाकिर हुसैन समाधि पर जाकर दी श्रद्धांजलि

प्रोफेसर मज़हर आसिफ़ ने आज जामिया मिलिया इस्लामिया (जेएमआई) के 16वें कुलपति के तौर पर कार्यभार ग्रहण किया। कुलपति कार्यालय परिसर में विश्वविद्यालय के शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। ज्वाइनिंग के तुरंत बाद वह यूनिवर्सिटी कैंपस में स्थित ब्रिगेडियर उस्मान की समाधि पर गए और उन्हें श्रद्धांजलि दी। वह जामिया के पहले कुलपति हैं जिन्होंने कार्यभार सम्हालने के फ़ौरन बाद ब्रिगेडियर उस्मान की समाधि पर फूलमाला अर्पित की है । ब्रिगेडियर उस्मान, जिन्हें "नौशेरा का शेर" के नाम से भी जाना जाता है, भारतीय सेना में एक उच्च पदस्थ अधिकारी थे जिन्होंने 1947-48 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में वीरगति पायी थी।

प्रोफेसर मजहर आसिफ ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन और जेएमआई के संस्थापक सदस्य डॉ. एम.ए. अंसारी को विश्वविद्यालय परिसर में स्थित उनकी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रधांजलि दी।

कुलपति ने कुलपति कार्यालय के बैठक हॉल में डीन, कार्यवाहक रजिस्ट्रार और विश्वविद्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। इसके साथ ही उन्होंने पूरे प्रशानिक ब्लॉक का दौरा किया और विभिन्न कार्यालयों में जाकर गैर- शिक्षण कर्मचारियों से भी मुलाक़ात की।

कुलपति ने कुलपति कार्यालय के बैठक हॉल में सभा में अपने संबोधन की शुरुआत यह कहकर की कि केवल एक ही आदर्श वाक्य और एक ही लक्ष्य है और वह है...इस विश्वविद्यालय को सर्वोच्च स्थान पर कैसे ले जाया जाए ! उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वह एक छात्र और कर्मचारी केंद्रित व्यक्ति हैं। "विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को अच्छा रहन-सहन, भोजन, सुरक्षा उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। आप लोगों के सहयोग से हम ऐसा करेंगे और जेएमआई को उच्च स्तर पर ले जाने का प्रयास करेंगे। अगर हम मिलकर काम करेंगे तो हमें सर्वशक्तिमान अल्लाह की भी मदद मिलेगी", उन्होंने कहा।

उन्होंने आगे कहा, "मैं आलोचना का स्वागत करता हूं लेकिन बेहतर सुझावों और समाधानों की भी उम्मीद करता हूं, इसलिए समस्या के साथ आएं तो परन्तु बेहतर विकल्पों और समाधानों के बारे में भी सोचें ताकि हम मिलकर चीजों को बेहतर बना सकें।"

अपने संबोधन के अंत में उन्होंने कहा, "मैं तहे दिल से आप सभी को, पूरी जामिया बिरादरी को , भारत सरकार को और सभी दोस्तों को धन्यवाद देता हूं।"

भारत की माननीय राष्ट्रपति ने जामिया मिलिया इस्लामिया के विजिटर के रूप में, 24 अक्टूबर, 2024 को, स्कूल ऑफ लैंग्वेज लिटरेचर एंड कल्चर स्टडीज, जेएनयू, नई दिल्ली के प्रोफेसर मजहर आसिफ को जेएमआई का कुलपति नियुक्त किया था। उन्हें उनके कार्यालय में प्रवेश करने की तिथि से पांच वर्ष की अवधि के लिए या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, के लिए नियुक्त किया गया है।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया